राजकीय महाविद्यालय जुखाला बिलासपुर (हि०प्र०-174033

Phone and Fax 01978-286201, E-mail :principalgcjukhala@gmail.com Website : https://gcjukhal.ac.in/. Twitter :https://twitter.com/jukhalanss?t=vnvikrvuEKLgPZVi7kYufw&s=08

स्वच्छता रैली

दिनांक 16 अक्टूबर 2025

राजकीय महाविद्यालय जुखाला में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई और हेल्थ सर्विसेज एंड एंटी ड्रग सेल के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 16 अक्टूबर 2025 को महाविद्यालय से गसौड़ चौक तक स्वच्छता रैली निकाली गई। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य प्रोफेसर वीरेंद्र कुमार जी के दिशा निर्देश में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में स्वयंसेवियों ने प्लास्टिक पॉलीथिन व अन्य कूड़ा कर्कट को उठाकर महाविद्यालय के आसपास के क्षेत्र की सफाई कर स्थानीय लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। तथा समाज में बढ़ रहे नशे रूपी शत्रु को जड़ से उखाड़ने के लिए नशे के विरुद्ध नारे लगाकर लोगों को जागरूक किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी अमन शर्मा ने तथा हेल्थ सर्विसेज एंड एंटी ड्रग सेल के कार्यक्रम संयोजक प्रोफेसर विनोद कुमार ने विद्यार्थियों को नशा न करने तथा आसपास में नशे के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए शपथ दिलाई। तथा आसपास में स्वच्छता बनाए रखने के लिए भी प्रेरित किया। इस रैली को सफल बनाने में डॉ राजेश ठाकुर व डॉ राजकुमार, प्रो प्रेम ने विशेष भूमिका निभाई । इस कार्यक्रम में 115 स्वयंसेवी महाविद्यालय का संपूर्ण शिक्षक वर्ग तथा गैर शिक्षक वर्ग उपस्थित रहा।





Prog. Officer NSS
G. C. Jukhala
Distt. Bilaspur (H.P.)

Scanned with OKEN Scanner

जुखाला कॉलेज में निकाली स्वच्छता रैली

जुखाला (बिलासपुर)। राजकीय महाविद्यालय जुखाला में एनएसएस और हेल्थ सर्विसेज एंड एंटी ड्रग सेल के संयुक्त तत्वावधान में वीरवार को घलोड़ चौक तक स्वच्छता रैली निकाली गई। कार्यकारी प्राचार्य प्रो वीरेंद्र कुमार के निर्देश में स्वयंसेवियों ने प्लास्टिक व अन्य कूड़ा कर्कट को उठाकर महाविद्यालय के आसपास के क्षेत्र की सफाई कर स्थानीय लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। साथ ही समाज में बढ़ रहे नशे रूपी शत्रु को जड़ से उखाड़ने के लिए नशे के विरुद्ध नारे लगाकर लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम अधिकारी अमन शर्मा और संयोजक प्रो विनोद कुमार ने विद्यार्थियों को नशा न करने और आसपास में नशे के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए शपथ दिलाई। इस मौके पर डॉ. राजेश ठाकुर, डॉ. राजकुमार, प्रो. प्रेम सहित अन्य मौजूद रहे। संवाद

सहायक आचार्य अमन शर्मा
एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी
राजकीय महाविद्यालय जुखाला

Prog. Officer NSS
G.C. Jukhala
Distt. Bilaspur (H.P.)

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय जुखाला

Principal
G. C. Jukhala
Bilaspur (H. P

Scanned with OKEN Scanner